चोरी सीईओ ने दी पुलिस को जानकारी, पुलिस ने गायब दस्तावेजों की सूची मांगी

तेंदूखेड़ा जनपद कार्यालय से दस्तावेज चोरी

नवभारत,तेंदूखेड़ा 24 सितंबर। सोमवार रात्रि में जनपद कार्यालय में गेट का ताला तोड़कर महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए गए। कार्यालय में विधायक निधि, सांसद निधि, गरीबी रेखा कार्ड से संबंधित दस्तावेज रहते है, जिनमें से कई दस्तावेज चोरी हो गए.

सुबह चौकीदार राजेंद्र विश्वकर्मा की सूचना पर सीईओ मनीष बागरी ने थाने में लिखित आवेदन देकर चोरी की जानकारी दी. थाना प्रभारी ने जनपद पहुंचकर चोरी की जांच कर गायब दस्तावेज की सूची मांगी है. सीईओ ने तीन सदस्यीय टीम बनाकर चोरी हुए दस्तावेज की सूची बनाने के निर्देश दिए. प्रारंभिक जांच में गरीबी रेखा कार्ड से संबंधित शत प्रतिशत रिकॉर्ड मिलने की जानकारी दी।

दस्तावेज गायब करने के आरोप निराधार : सीईओ

जनपद सीईओ पर दस्तावेज गायब कराने के कुछ लोगों द्वारा आरोप लगाने की बात पर सीईओ ने बताया कि आरोप निराधार है. चूंकि गरीबी रेखा कार्ड से संबंधित जो जानकारी लोगों ने मांगी थी उसका पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित है. इसलिए इस तरह की चर्चाएं बेकार है. जानकारी लेने पर पता चला कि विधायक निधि, सांसद निधि गरीबी रेखा कार्ड से संबंधित जानकारी रखने की जानकारी शासन से मिली. उक्त विभाग सेवा वृद्धि के बाद भी आरएस चौहान के पास है, चूंकि वह सेवनिवृत होने के बाद मिली सेवा वृद्धि के बाद कार्य कर रहे है.

गोलमाल के चलते दस्तावेजों की चोरी की गई

नगर सहित कार्यालय के कर्मियों में चर्चा है कि बरसों से विधायक निधि और संसद निधि में हुए गोलमाल के आरोपों के चलते कही सच न सामने आ जाए इसलिए दस्तावेजों की चोरी की गई. अब यह तो एक दो दिनों में पता चलेगा कि कुल कितने दस्तावेज चोरी हुए है. वह कौन से कार्य से संबंधित है.

इनका कहना है

सीईओ ने जनपद कार्यालय में दस्तावेज चोरी होने की जानकारी देने पर जांच के लिए चोरी गए दस्तावेजों की सूची मांगी है।

नीतेश जैन, थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा

तीन सदस्यों की टीम बनाकर चोरी हुए दस्तावेज की सूची बनवाई जा रही है. बुधवार की शाम तक तीन सदस्यीय टीम ने गरीबी रेखा से संबंधित शत-प्रतिशत रिकॉर्ड मौजूद होने की जानकारी दी है. बाकी रिकॉर्ड की जानकारी गुरुवार-शुक्रवार तक मिल जाएगी।

मनीष बागरी, सीईओ जनपद तेंदूखेड़ा

भावांतर योजना का लाभ भी मिलेगा : लोधी

20 हजार से अधिक किसानों को मिली प्रोत्साहन राशि

नवभारत,जबेरा 24 सितंबर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा धान प्रोत्साहन राशि का वितरण प्रदेश के 669272 किसानों के खातों में 337.12 करोड रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई।

इसका लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के मुख्य आथित्य में कृषि उपज मंडी जबेरा में किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों,अधिकारी कर्मचारियों एवं क्षेत्र के अनेकों किसानों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राज्यमंत्री लोधी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि खरीफ सीजन के वर्ष 2024 में धान फसल उपार्जन 100 रुपए प्रति क्विंटल किसानों को दिया जाएगा और वही वादा आज पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री से जो भावांतर योजना बंद हो गई थी उसे पुन: प्रारंभ कराने का आग्रह किया है और आने वाले समय में भावांतर योजना का लाभ भी हमारे किसानों को मिलेगा।

सरकार किसानों के हित में लगातार कर रही कार्य

राज्यमंत्री लोधी ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों के हित में लगातार काम कर रही हैं। आज धान प्रोत्साहन राशि का वितरण मुख्यमंत्री जी द्वारा किया जा रहा है जिसमें जबेरा विधानसभा के 20 हजार से अधिक किसान सम्मिलित हैं इसके लिए मैं किसान भाइयों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। इस दौरान राज्यमंत्री श्री लोधी ने सगरा निवासी जागरूक किसान सुमित जैन का सम्मान भी किया।

एक नजर में

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 218 लोगों की जांच

नवभारत, मड़ियादौ 24 सितंबर। मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग के निर्देशानुसार व डॉ. राजकुमार पटेल जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में दशम आयुर्वेद दिवस व सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पाठा में आयुष शिविर का आयोजन किया गया. नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 218 लोगों ने स्वास्थ्य का लाभ उठाया। शिविर में आयुर्वेद औषधालय मडियादौ के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार तंतुवाय, कंपाउंडर लक्ष्मी प्रसाद कोरी, दवासाज घनश्याम तंतुवाय की उपस्थिति रही. ग्राम पाठा की सरपंच फूलबाई आदिवासी, उपसरपंच सुहागरानी कुड़ेरिया, सहायक सचिव धर्मेंद्र पटेल व समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

25 एकड़ गौचर भूमि से हटेगा अवैध कब्जा

नवभारत,हटा 24 सितंबर। जिले की हटा तहसील के तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने छेवला गंगाराम में गौचर भूमि पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण चिन्हाकन किया है। हल्का पटवारी और राजस्व अमले के साथ तहसीलदार ने स्थल निरीक्षण कर टीम के साथ जायजा लिया. यहां खसरा नम्बर 60 में करीब 25 एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया। तहसीलदार ने संबंधित लोगों को जल्द भूमि छोड़ने की हिदायत दी और राजस्व अमले को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मडियादो बफरजोन में अवैध अतिक्रमण हटाए गए

नवभारत,दमोह 24 सितंबर। जिले की मड़ियादो वनपरिक्षेत्र बफ़र अधिकारी जे. पी. मिश्रा के नेतृत्व में बफरजोन वन अमले ने आज उदयपुरा वीट के कक्ष क्रमांक 38 पाटन गांव में वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए मौके से एक ट्रैक्टर सहित युवक को पकड़ा है, आरोपी द्वारा करीब 2 हेक्टेयर वनभूमि पर ट्रेक्टर कल्टीवेटर से जुताई कर रहा था। बफ़र अधिकारी मिश्रा ने बताया कि आरोपी राकेश यादव निवासी पाटन के विरुद्ध वन अपराध दर्ज किया गया है।

राधिका पैलेस गार्डन में दो से तीन तंबू में लगी आग

नवभारत,दमोह 24 सितंबर। शहर के राधिका पैलेस गार्डन के पिछले हिस्से में अचानक दो से तीन तंबू में आग लग जाने पर जलकर खाक हो गए. सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची और आग पर काबू पाया. अगर मौके पर फायर ब्रिगेड नहीं पहुंचती, तो आग भयावह हो सकती थी. मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मी आबिद खान ने सहयोगी के साथ आग पर काबू पाया।



देवी मंदिर में अखंड संकीर्तन जारी

दमोह नवभारत 24 सितंबर। शारदीय नवरात्र पर जबलपुर नाका स्थित मां देवी मंदिर में नव दिवसीय अखंड संकीर्तन पाठ किया जा रहा है, जो नवरात्र के प्रथम दिवस से हे माता अंबे, जय जगदंबे का पाठ भक्तों द्वारा किया जा रहा है. संयोजक परसू चौबे हरिओम, डॉ. गिरीश मिश्रा, मनोज चौबे,सरपंच जयपाल यादव, मनीष तिवारी,संदीप यादव, दिलीप राय,कृष्णा यादव, राकेश रैकवार,बब्लू अग्रवाल, मनोज चौहान, ज्ञानचंद यादव, गुड्डू परिहार, रानू यादव, श्याम विश्वकर्मा, कोमल यादव, गुड्डन दुबे, जमुना चौबे ने सभी भक्तों से अखंड पाठ में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है.

जीवन में सुख और दुख दो पहलू हैं : कोचर

कलेक्टर ने अल्पविराम प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया अवलोकन

नवभारत,दमोह 24 सितंबर। राज्य आनंद संस्थान अल्पविराम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिले के विकासखंड जबेरा में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन करने पहुंचे कलेक्टर सुधीर कोचर द्वारा प्रतिभागियों से चर्चा करते हुए कहा गया कि व्यक्ति के जीवन में सुख और दुख दो पहलू हैं और दोनों लंबे समय तक स्थायी नहीं रहते। इन्हीं परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने और तनाव व अवसाद से मुक्ति पाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मार्गदर्शन देते हुए कलेक्टर कोचर ने कहा कि अल्पविराम प्रशिक्षण जीवन की कठिनाइयों से बाहर आने का एक सशक्त माध्यम है।

किसी से माफी मांगना और माफ करना कठिन कार्य है

उन्होंने कहा कि किसी से माफी मांगना और उसे माफ करना कठिन कार्य है, किंतु अल्पविराम अभ्यास से यह गुण जीवन में सहज रूप से विकसित किया जा सकता है, जो आनंदमय जीवन के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे, राज्य आनंद संस्थान के संपर्क व्यक्ति रमेश व्यास, उषा व्यास, श्रीमती उपाध्याय, जिला जन अभियान परिषद दमोह तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बंदियों को दी गई अधिकारों की जानकारी

जिला जेल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

नवभारत,दमोह 24 सितंबर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में 23 सितम्बर को जिला जेल में बंदियों के अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिविर में तृतीय जिला न्यायाधीश विश्वनाथ शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, जेल अधीक्षक छोटेलाल प्रजापति, जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे। तृतीय जिला न्यायाधीश विश्वनाथ शर्मा ने बंदियों को संबोधित करते हुये प्लीबार्गेनिंग प्रक्रिया के माध्यम से प्रकरणों के निपटारा किये जाने के संबंध में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी से बंदियों को अवगत कराया। साथ ही बंदियों के अधिकार, मुलाकात का अधिकार, पढ़ने-लिखने, मनोरंजन, उपचार का अधिकार आदि जानकारी दी गई।

बंदियों को दी जाती है नि:शुल्क विधिक सहायता

जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने उपस्थित बंदियों को बताया कि बंदियों के प्रकरणों में नि:शुल्क विधिक सहायता योजना अंतर्गत नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है, जिस हेतु उन्हें जेल के माध्यम से अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दमोह को भेजना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में बंदियों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान बताया गया एवं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जेल अधीक्षक छोटेलाल प्रजापति द्वारा किया गया।

चिन्हित वार्डों में किया गया फॉगिंग कार्य

मलेरिया विभाग द्वारा मलेरिया व डेंगू के बारे में किया जा रहा जागरूक

नवभारत,दमोह 24 सितंबर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत मलेरिया विभाग द्वारा डेंगू और मलेरिया के नियंत्रण हेतु टीम बनाकर शहर के विभिन्न वार्डों में मच्छरों को नष्ट करने हेतु फॉगिंग का कार्य निरंतर किया जा रहा हैं।

इसी क्रम में शहर के एसपीएम नगर, विजय नगर कालोनी, रेल्वे कालोनी, सिविल वार्ड-4, सिविल वार्ड-7 मछली पालन के पास, विवेकानंद नगर सिविल वार्ड-6, एलआईसी के पास, फुटेरा वार्ड-3, महाकाली चौराहा, फुटेरा वार्ड-3 हरसिद्धी माता मंदिर, बजरिया वार्ड 2 एवं बजरिया वार्ड 3 में फॉगिंग का कार्य किया गया, साथ ही पंपलेट वितरण कर जनता को रोगों के बारे में जागरूक किया गया।

शहर में डेंगू का एक भी केस नहीं पाया गया

जिला मलेरिया अधिकारी यामिनी सिलारपुरिया ने बताया कि शहर के विगत वर्ष के मलेरिया और डेंगू प्रभावित वार्डों में लगातार फॉगिंग का कार्य किया जा रहा हैं। विभाग के इन प्रयासों से इस वर्ष वर्तमान समय तक दमोह शहर में डेंगू का एक भी केस नहीं पाया गया। विभाग द्वारा आगामी समय में भी फॉगिंग का कार्य लगातार किया जायेगा ताकि मच्छरों की संख्या में वृद्धि न हो और मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियों पर नियंत्रण किया जा सके।

शहनाज ने तेंदूखेड़ा में दी शानदार प्रस्तुति

हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमुदाय हुआ बेकाबू, पुलिस ने संभाला मोर्चा

नवभारत,तेंदूखेड़ा 24 सितंबर। नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में भजन गायिका शहनाज अख्तर ने देवी गीत-मैया पांव पैजनिया, ले चल मुझे महाकाल की नगरी में, पंड़ा को लग गई चुड़ैलन, पंड़ा उचको फिरो... जैसे गीतों की प्रस्तुति दी। हजारों की संख्या में उपस्थित जन समुदाय गीतों पर झूमकर नाचने लगे और बेकाबू हुए। शहनाज अख्तर ने माता रानी और भोलेनाथ के जयकारे लगवाए और लोगों को नाचने को मजबूर कर दिया.

बेकाबू भीड़ को नियंत्रित करने में एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार डॉ. विवेक व्यास, एसडीओपी तेंदूखेड़ा देवी सिंह ठाकुर सहित नीतीश जैन, आलोक तिरपुड़े, तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह सहित तीनों थाने के पुलिस बल ने भारी मशक्कत करनी पड़ी। कार्यक्रम के शुरुआत में प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के मंत्री धर्मेंद्र सिंह, उनके अनुज सत्येंद्र सिंह, नितेंद्र सिंह, नपा अध्यक्ष सुरेश जैन, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, राजेश राज ने शहनाज अख्तर का स्वागत किया.

विश्व आयुर्वेद दिवस पर आयुष विभाग द्वारा सेमिनार और चिकित्सा शिविर आयोजित

आयुर्वेद प्राचीन चिकित्सा पद्धति हैं, इसे अपनाएं : डॉ. पटेल

नवभारत,दमोह 24 सितंबर। मप्र शासन व आयुष विभाग द्वारा दशम विश्व आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष में जिला आयुष चिकित्सालय में सेमिनार और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धनवंतरी पूजन के साथ-साथ की गई.

जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल ने योग और नियमित दिनचर्या को अपनाकर स्वस्थ्य रहने के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मानव और धरती के लिए आयुर्वेद सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति हैं, इसे अपनाकर सुखद जीवन को जिया जा सकता हैं, जीवन शैली संबंधी विकारों, जलवायु जनित बीमारियों और तनाव से मुक्ति के लिए आयुर्वेद और योग अपनाने की छात्रावास के बच्चे बच्चियों से अपील की.

आयुर्वेद की दुनिया बहुत विकसित हुई : जैन

समाजसेवी व पत्रकार महेन्द्र जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही आयुर्वेद दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई हैं, जिससे पिछले एक दशक में आयुर्वेद की दुनिया बहुत विकसित हुई हैं. डॉ प्रियंका जैन ने कहा कि अब प्रति वर्ष 23 सितंबर को प्रधानमंत्री प्रयासों से ही विश्व आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा, क्योंकि इस दिन रात और दिन बराबर होते हैं.

नि:शुल्क औषधि का वितरण किया गया

शिविर में सभी रोगियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं औषधि का वितरण किया गया. योग व प्राणायाम योग प्रशिक्षक और योग सहायक नीलम ठाकुर के द्वारा प्रदर्शन किया गया. डॉक्टर अंकित अहिरवाल के द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण व महिलाओं के स्वस्थ रहने के तरीके के बारे में बताया गया. इसमें संगीता अहिरवार के द्वारा आयुर्वेद की थीम पर आधारित पोस्टर का प्रदर्शन किया गया.

इनकी रही उपस्थिति

शिविर में डॉ. प्रियंका जैन, डॉ. संजना नायक, संगीता अहिरवाल, लता परस्ते, रामकली राय, ज्योति चौहान, दीनदयाल रजक, सौरभ ठाकुर, मोहिनी, धीरज कुमार अहिरवार, एम आर अभिताभ शुक्ला, विजय श्रीवास्तव, अरुण गुप्ता, कमलेश दुबे, शशिकांत तिवारी, कमलेश रजक और छात्र-छात्राए मौजूद रहीं.

नीमा ने विश्व आयुर्वेद दिवस मनाया

नीमा शाखा दमोह द्वारा विश्व आयुर्वेद दिवस मनाया गया जिसमें में मुख्य रूप से वक्ता के रूप मे डॉ.केदार शिवहरे एवं डॉ.आर.के जैन द्वारा आयुर्वेद पर अपनी बात रखी आयुर्वेद के द्वारा दिनचर्या का महत्व को बताया आयुर्वेद में दिनचर्या का बहुत बड़ा शारीरिक एवं मानसिक महत्व है जो कि हमारे शरीर के त्रिदोष को संतुलित करते है दिनचर्या से ही शरीर की बीमारी दूर होती हैं एवं व्यक्ति लम्बी आयु को पाता हैं। नीमा प्रेसिडेंट डॉ. सीएल नेमा ने भी अपनी बात रखी। संचालन डॉ. सौरभ चौधरी ने किया।